दैनिक जागरण
26-12-2025

स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग राष्ट्रीय भावना को दर्शाता है

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

अंबाला विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट के विद्यार्थियों ने पंचकूला के सेक्टर-पांच में आयोजित स्वदेशी महोत्सव 2025 में उत्साहपूर्वक भाग लेकर शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के कुशल मार्गदर्शन में एनएसएस यूनिट एवं रसायन विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों को कक्षा की सीमाओं से बाहर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं।